**पद :** सह परामर्शदाता - इन्क्यूबेशन **पद कोड :** CON-49

**कुल पद :** 01

**अवधि :** यह नियुक्ति प्रारम्भ में एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा आधारित है तथा प्रदर्शन एवं विभाग की आवश्यकता के आधार पर अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है।

**समेकित शुल्क :** सह परामर्शदाता के लिए समेकित शुल्क 75,000/- रुपये प्रति माह देय होगा।

**कार्य विवरण :** बाइरैक संस्था द्वारा देश भर में 95 बायोइन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। यह एक विस्तारित इन्क्यूबेशन नेटवर्क है जो बायोटेक स्टार्टअप्स को सुविधा प्रदान करता है और इनोवेशन इकोसिस्टम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चयनित सह सलाहकार इन्क्यूबेशन टीम का सहयोग करेंगे तथा उनके साथ मिलकर कार्य करेंगे।

**रिपोर्टिंग :** सह परामर्शदाता को आवश्यक रूप से इन्क्यूबेशन प्रभारी को रिपोर्ट करना होगा।

**मुख्य उत्तरदायित्व :**

- नवीन इनक्यूबेटरों की पहचान एवं संचालन में योगदान देना।
- समय पर निधि वितरण एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार उनके उचित उपयोग हेतु बाइरैक संस्था के भीतर विभिन्न विभागों (तकनीकी, कानूनी, आईपी, वित्त, आदि) के साथ समन्वय करना।
- लक्ष्य एवं उपलब्धियों को समय पर प्राप्त करने हेतु इन्क्यूबेशन केंद्रों की प्रगति की निगरानी करना।
- क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ प्रस्तावों की तकनीकी जांच के लिए साइट विज़िट का आयोजन करना।
- पारिस्थितिकी तंत्र के अंतराल और विकास के अवसरों को समझने एवं पहचानने हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इन्क्यूबेशन विशेष रूप से बायोटेक में शामिल इन्क्यूबेशन टीम तथा हितधारकों के साथ काम करना।
- हितधारक कार्यक्रमों के आयोजन में इन्क्यूबेशन प्रभारी की सहायता करना।
- सहज सहयोग के माध्यम से टीम के उद्देश्यों और लक्ष्यों में योगदान देना। समय पर आंतरिक एवं बाहरी अनुपालन जिम्मेदारियों का पालन करना।
- टीम के उद्देश्यों को समझना और उन्हें प्राप्त करने के लिए अन्य के साथ सहयोग करना।
- संस्थागत आवश्यकतानुसार घरेलू हवाई यात्रा करना।

**अनिवार्य योग्यताएँ :** किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से जीवन विज्ञान/जैव-चिकित्सा विज्ञान/फार्मेसी/किसी अन्य संबद्ध जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में एम.एससी./एम.टेक/4 वर्षीय स्नातक व्यावसायिक डिग्री कार्यक्रम।

**अनुभव :** 3 से 10 वर्ष के बीच का अनुभव, अधिमानतः किसी सार्वजनिक या निजी संगठन में उद्यमिता विकास/इन्क्यूबेशन गतिविधियों में 2-3 वर्ष का अनुभव।

**आयु सीमा** : रिक्ति की अंतिम तिथि को अधिकतम 45 वर्ष।